कार्यालय जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, झांसी

विज्ञप्ति

दिनांक– अगस्त, 30 , 2018

जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, झांसी द्वारा संचालित ए0डी0आर0 केन्द्र झांसी में सृजित तृतीय श्रेणी कर्मचारी (कनिष्ठ लिपिक) के 02 पदों पर मासिक पारिश्रमिक 9000/–रूपये की दर से संविदा के आधार पर लघु अवधि के लिये नियुक्ति की जानी है।

उक्त पदों पर नियुक्ति हेतु इच्छुक अभ्यर्थीगण से आवेदन आमंत्रित किये जाते हैं। अधिक जानकारी व नियत आवेदन प्रारूप हेतु जनपद न्यायालय झांसी की बेवसाईट **www.ecourts.gov.in**, अथवा जिला विधिक सेवा प्राधिकरण तथा, नजारत अनुभाग जनपद न्यायालय झांसी के नोटिस बोर्ड पर देखें।

पात्रता–

1. आवेदक कम से कम इण्टरमीडिएट परीक्षा उत्तीर्ण हो।
2. आवेदक आवेदन करने की तिथि को DOEACC सोसाइटी द्वारा ट्रिपल 'C' प्रमाण पत्र प्राप्त हो।
3. आवेदक हिन्दी भाषा मे कम से कम 25 शब्द प्रति मिनट अथवा अंग्रेजी भाषा में कम से कम 30 शब्द प्रति मिनट कम्प्यूटर पर टाईप करने की योग्यता रखते हो। ऐसे अभ्यर्थी जिन्हें हिन्दी व अंग्रेजी दोनों भाषाओं में टाइप व आशुलेखन का ज्ञान हो वरीयता दी जायेगी।
4. आवेदक की आयु दिनांक 01.09.2018 को 18 से 40 वर्ष के मध्य हो।
5. ऐसे व्यक्ति आवेदन हेतु पात्र नहीं होगें, जिनके विरूद्ध कोई आपराधिक वाद/जॉच लम्बित हो अथवा किसी न्यायालय द्वारा दण्डित किया गया हो।

आवेदन प्राप्ति का अन्तिम दिनांक–

आवेदक अपना आवेदन नियत प्रारूप पर सुस्पष्ट लेख में भर कर आवश्यक प्रपत्रों की स्वप्रमाणित छायाप्रतियॅा सहित कार्यालय जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, झांसी– 284002 में दिनांक **17.09.2018** तक किसी भी कार्य दिवस में कार्य समय के अन्दर प्रस्तुत कर अपना पंजीयन करा सकते हैं।

आवेदन पत्र के साथ संलग्न किये जाने हेतु अपेक्षित प्रपत्र–

1. शैक्षिक योग्यता सम्बन्धी प्रमाण पत्रों की स्वप्रमाणित छायाप्रतियॅा
2. जन्मतिथि प्रमाण पत्र की स्वप्रमाणित छायाप्रति
3. आधार कार्ड की स्वप्रमाणित छायाप्रति
4. निवास प्रमाण पत्र की स्वप्रमाणित छायाप्रति
5. दो पासपोर्ट साईज स्वप्रमाणित नवीनतम रंगीन फोटोग्राफ (एक आवेदन में नियत स्थान पर लगाया जाना है एंव एक आवेदन के साथ संलग्न किया जाना है)

परीक्षा हेतु नियत स्थान व दिनांक–

पंजीकृत अभ्यर्थी परीक्षा हेतु दिनांक **29.09.2018 को प्रातः 10.30** बजे मीटिंग हॉल जनपद न्यायालय झांसी में उपस्थित हों। परीक्षा स्थल पर आने जाने हेतु उपस्थित अभ्यर्थियों को किसी प्रकार का मार्ग व्यय आदि देय नहीं होगा।

अभ्यर्थी अपने आवेदन पत्र के साथ संलग्न किये गये समस्त प्रपत्रों की मूल प्रतियॅा परीक्षा के समय साथ लेकर उपस्थित हों।

30/8/18

(निसामुद्दीन)
जनपद न्यायाधीश/अध्यक्ष
जिला विधिक सेवा प्राधिकरण
झांसी

दिनांक– 30, अगस्त 2018

विज्ञप्ति की एक एक प्रति मय आवेदन प्रारूप कार्यालय जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, झांसी एंव नजारत अनुभाग, जनपद न्यायालय, झांसी, के नोटिस बोर्ड पर चस्पा की जाये, जनपद न्यायालय झांसी एंव माननीय उच्च न्यायालय, इलाहाबाद की बेवसाईट पर भी अपलोड की जाये तथा जिला सूचना अधिकारी झांसी के माध्यम से उक्त आशय की सूचना जनपद के समाचार पत्रों में निःशुल्क प्रकाशित करायी जाये।

(निसामुद्दीन)
जनपद न्यायाधीश/अध्यक्ष
जिला विधिक सेवा प्राधिकरण
झांसी

दिनांक– 30, अगस्त 2018

जिला विधिक सेवा प्राधिकरण झांसी

(ए0डी0 आर0 केन्द्र)

कनिष्ठ लिपिक के पद पर नियत पारिश्रमिक पर संविदा के आधार पर लघु अवधि के लिये नियुक्ति हेतु आवेदन पत्र

स्वप्रमाणित नवीनतम पासपोर्ट साईज रंगीन फोटोग्राफ

1. अभ्यर्थी का नाम ....
2. पिता / पति का नाम ....
3. जन्म तिथि ....
   दिनांक 01.09.2018 को आयु ....
4. स्थायी पता ....
   ....
   ....
   ....
5. वर्तमान पता ....
   ....
   ....
   ....
6. मोबाईल नम्बर ....
7. ई–मेल आई0डी0 यदि हो ....
8. वर्ग ....
9. लिंग (पुरूष / महिला / अन्य) ....
10. वैवाहिक स्थिति (वैवाहिक / अवैवाहिक) ....
11. शैक्षिक योग्यता ....

उद्घोषणा

मैं उद्घोषित करता हूँ कि आवेदन में दिया गया समस्त विवरण मेरी जानकारी में सही व सच है, इसमें कोई बात छिपायी नहीं गयी है। मैने सभी नियम एंव शर्तो को ध्यानपूर्वक पढ लिया है, जो मुझे स्वीकार्य हैं। मैं यह भी प्रमाणित करता हूँ कि मेरे सेवाकाल के दौरान मेरा रिकार्ड अच्छा रहा है। यदि किसी स्थिति में यह पाया जाता है कि मेरे द्वारा उद्घोषित तथ्य गलत पाये जाते हैं, तो बिना किसी अन्य कारण के संविदा निरस्त की जा सकती है।

अभ्यर्थी के पूर्ण हस्ताक्षर दिनांक सहित